जरिये ई मेल

कार्यालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर।

कमांक :– 65 दिनांकः– 22.12.25

–:: कार्यालय – आदेश ::–

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर के पत्र कमांक Reg-CPC/ Ecourts/2016/599 Dated 09.06.2016 एवं माननीय जिला एवं सैशन न्यायाधीश महोदय, धौलपुर के कार्यालय आदेश स्था./2021/104 दिनांक 03.07.2021 के द्वारा धौलपुर न्याय क्षेत्र के मुख्यालय स्थित सैशन न्यायालय, विशेष न्यायालयों, अपर सेशन न्यायालयों, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं मजिस्ट्रेट स्तर के न्यायालयों के इंतजार नतीजा में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे मुलजिमान की विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से न्यायिक अभिरक्षा की अवधि बढाने के लिये सुश्री सुमन मीणा न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर को दिनांक 01.01.2026 से दिनांक 28.02.2026 तक दो माह जनवरी 2026 व फरवरी 2026 के लिये समय सुबह 12.00 पी.एम. से 1.30 पी.एम. के लिये अधिकृत किया जाता है।

सुश्री सुमन मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर के उक्त अवधि में किसी भी प्रकार के अवकाश अथवा अनुपस्थिति की सूरत में उक्त कार्य हेतु श्रीमती शैला फौजदार अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर, उनके भी अनुपस्थित रहने की दशा में सुश्री करूणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या–2, धौलपुर को अधिकृत किया जाता है। उक्त सभी के किसी भी प्रकार के अवकाश अथवा अनुपस्थिति की सूरत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर द्वारा उक्त कार्य संपादित किया जावेगा।

नोट :– सभी न्यायालयों के रीडर उन प्रकरणों का न्यायिक अभिरक्षा वारंट जिसमें नतीजा पेश नहीं हुआ है, को माह जनवरी 2026 व फरवरी 2026 में समय 12.00 ए.एम. तक वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष में पहुॅचावें तथा बाद कार्यवाही उक्त न्यायिक अभिरक्षा वारंटों को वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

–Sd–
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
धौलपुर।

कमांक :– रीडर/2025/1227 दिनांक :– 22.12.25

प्रतिलिपि सूचनार्थ निम्न को सादर प्रेषित है :–

1. श्रीमान् जिला एवं सैशन न्यायाधीश महोदय, धौलपुर।
2. श्रीमान् समस्त पीठासीन अधिकारीगण, धौलपुर न्यायक्षेत्र, धौलपुर।
3. अधीक्षक, जिला कारागृह, धौलपुर।
4. सर्वर रूम, धौलपुर को वेबसाईट पर अपलोड करने के लिये।
5. आदेश पत्रावली।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
धौलपुर।